पंजीयन क्रं. 06/09/01/04737/04

# विचार मासिक पत्रिका

कुल पृष्ठ 24, वर्ष 3, अंक 30 माह - सितंबर 2021, मूल्य - निःशुल्क

आपके विकास को समर्पित

॥विचार समिति॥

( स्थापना वर्ष 2003 )



## स्वतंत्रता दिवस पर 1133 स्थानों पर झंडावंदन

# पदाधिकारी



कपिल मलैया
संस्थापक व अध्यक्ष
मो. 9009780020



सुनीता जैन
कार्यकारी अध्यक्ष
मो. 9893800638



सौरभ रांधेलिया
उपाध्यक्ष
मो. 8462880439



आकांक्षा मलैया
सचिव
मो. 9165422888



विनय मलैया
कोषाध्यक्ष, मो. 9826023692



नितिन पटैरिया
मुख्य संगठक, मो. 9009780042



अखिलेश समैया
मीडिया प्रभारी, मो. 9302556222



हरगोविंद विश्व
मार्गदर्शक



राजेश सिंघई
मार्गदर्शक



श्रीयॉश जैन
मार्गदर्शक

पता - 258/1, मालगोदाम रोड, तिलकगंज वार्ड, आदिनाथ कार्स
प्रा. लिमि. के पीछे, सागर (म.प्र.) - 470002
हेल्पलाइन नं. 9575737475, 07582-224488

विचार समिति का मासिक प्रकाशन

# विचार मासिक पत्रिका

वर्ष - 3, अंक - 30, सितंबर - 2021

**संपादक**

**आकांक्षा मलैया**

**प्रबंधक व प्रकाशक**

विचार समिति

स्वामित्व

**विचार समिति**

258/1, मालगोदाम रोड, तिलकगंज वार्ड,
आदिनाथ कार्स प्रा. लिमि.
के पीछे, सागर ( म.प्र. )
पिन - 470002

**Email: sanstha.vichar@gmail.com**
**Phone: 9575737475**
**07582-224488**

**मुद्रण**

तरूण कुमार सिंघई, अरिहंत ऑफसेट
पारस कोल्ड स्टोरेज, बताशा गली,
रामपुरा वार्ड, सागर ( म.प्र. )
पिन - 470002

# इस अंक में

## आलेख :-

1. स्वतंत्रता के 75 वर्ष ........ 6

## विचार संस्था की गतिविधियां :-

1. मोहल्ला विकास योजना ........ 4

2. समिति के माध्यम से बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं व युवाओं ने पहली बार किया झंडावंदन ........ 8

3. झंडावंदन - झलकियां ........ 10

4. झंडावंदन पर सदस्यों के विचार ........ 16

5. गोबर के गणेश ........ 18

6. विचार समिति डोनेशन ........ 19

7. यूपीईएस के छात्रों के फीडबैक ........ 20

**मीडिया कवरेज :-** ........ 23

# मोहल्ला विकास योजना



मोहल्ला विकास योजना अंतर्गत घर की बगिया प्रोजेक्ट के तहत समन्वयक कस्तूरी बाई ने अपने घर में बनाई बगिया।

विचार समिति पिछले तीन वर्षों से मोहल्ला विकास योजना पर कार्य कर रही है जिसका उद्देश्य बुंदेलखंड को पिछड़ेपन से निकालकर बुंदेलखंड का सुनियोजित विकास की ओर से प्रशस्त करना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 125 मोहल्ला परिवारों का चयनित कर गठन किया गया है जिसमें विचार समिति के प्रकल्पों में चिकित्सा परामर्श, दवा वितरण, पुस्तक बैंक, जल संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान, रोजगार के क्षेत्र में विचार हथकरघा प्रशिक्षण केंद्र आदि पर विस्तृत रूप से कार्य किया जा रहा है ।

विचार समिति द्वारा प्रकल्पों के आधार पर दो टीमों का सामान्य सर्वे किया गया जिसमें तुलसी नगर मोहल्ला परिवार टीम प्रभारी जवाहर अहिरवार, समन्वयक श्रीमति ममता अहिरवार के कुशल मार्गदर्शन में विचार समिति के समस्त सिद्धांत प्रकल्पों को टीम के माध्यम से व्यवहारिक रूप से कुशलता पूर्वक निर्देशित कर रही है। पालक परिवारों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के साथ

महिलाओं एवं पुरूषों में सामाजिक दायित्व की भावनाओं का विकास स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। समन्वयक ममता जी का कहना है कोरोना काल में समिति द्वारा परिवारों को खाद्य सामग्री और अन्य सामग्री का वितरण कर समिति ने सीख दी है कि हमें अपनी क्षमता के अनुसार लोगों की मदद करनी चाहिए। सेवा भाव की भावना विकास समिति में सिद्धांत एवं व्यवहारिक रूप से समानांतर दिखाई देता है।

दूसरी टीम शास्त्री वार्ड मोहल्ला विकास योजना के संबंध में समन्वयक कस्तूरीबाई विश्वकर्मा के पालकों से वार्ता के दौरान समिति के प्रति सभी के जुड़ाव को महसूस किया जा सकता है। सभी ने समिति के प्रति विश्वास जताया है कि उनके जीवन में, समाज में बदलाव आएगा। कस्तूरीबाई विश्वकर्मा का कहना है समिति के कार्य उत्कृष्ट श्रेणी के हैं जिन पक्षों पर साधारण जन ध्यान नहीं देते। समिति उन पक्षों को सामाजिक रूप से निदानात्मक उपचार पर कार्य करती है। समिति संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया के प्रति आभार व्यक्त किया है साथ ही उनका कहना है कि समाज की रूपरेखा को बदलने का जो बीड़ा उन्होंने उठाया है वह कार्य जरूर सफल होगा। हम सभी उनके हमेशा साथ हैं। हम उनके उद्देश्य को अपना उद्देश्य मानते हैं। हम समाज के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। विकास की दिशा में समिति समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है जिसके अंतर्गत मोहल्ला विकास परिवारों में रोजगार की दिशा में स्व सहायता समूहों का गठन, गोबर से गणेश जी बनाना, दीए बनाना साथ में बंदनवार या अन्य सामग्री बनाना आदि लघु उद्योग के माध्यम से परिवारों को रोजगार की दिशा में कार्य कर रही है।

समिति संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया का कहना है कि समिति का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करते हुए उनके द्वारा ही उनके जीवन में परिवर्तन लाना है। मोहल्ला विकास एक ऐसी योजना है जिससे जुड़े परिवारों की कठिनाइयों को दूर करने में मदद करती है। साथ ही मोहल्ला योजना से जुड़े परिवार तेजी से विकास कर सकते हैं।

# स्वतंत्रता के 75 वर्ष



गजेन्द्र मोक्ष
छात्र, राष्ट्रम स्कूल ऑफ पब्लिक लीडरशिप

हम अपनी स्वतंत्रता का 75वां वर्ष मना रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। यह पर्व त्याग, तपस्या, पवित्रता और बंधु भावना का प्रतीक है। इससे हम सभी की आस्था और भावनाएं जुड़ी हुई हैं। वर्ष के आरंभ से ही भारत सरकार 'आजादी का अमृत मोहत्सव' नाम से पूरे देश भर में अनेक कार्यक्रम करवा रही है। कोरोना की भीषण त्रासदी ने विश्व के सभी देशो की अर्थ व्यवस्थाओं को अस्त-व्यस्त कर दिया है। आर्थिक संकट के कारण और भी संकट पैदा हो गए हैं। कोरोना की दूसरी लहर ने भारत को अधिक प्रभावित किया। कोरोना ने देश के विकास को कई वर्ष पीछे धकेल दिया है। सामान्य व्यक्ति की रोजी-रोटी प्रभावित हो गई। लोगों को आजीविका के लिए रोजगार नहीं मिल रहा है, कई व्यवसाय ठप्प हो गए हैं। लोगों का आत्मविश्वास कमजोर पड़ गया है जिसके कारण एक असमंजस की स्थिति पैदा हुई है। सरकार परिस्थिति को सुधारने का हर संभव प्रयास कर रही है। परन्तु कोरोना का प्रभाव इतना गहरा है जिससे बाहर निकलने में समय लगेगा।

1947 से पहले हम विदेशी सत्ता की बेड़ियों में जकड़े हुए थे। हम आभारी है हमारे पूर्वजों के, सेनानियों के, जिन्होंने अपना सर्वस्व समर्पण किया और इस राष्ट्र की आन-बान और शान को पुनः स्थापित कर देश को स्वतंत्र कराया। आज 2021 में हमारे देश को कोरोना तथा इसके प्रभाव ने पूरी तरह से जकड़ लिया है और एक बार पुनः हमारे देश को इसके प्रभाव से स्वतंत्र कराना है। हम सभी का अपना उत्तरदायित्व है की हम अपने कर्तव्यों का समाज समर्पण हेतु, निस्वार्थ एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करें। इस भाव को जगाने के लिए हमारे शास्त्र एवं संस्कृति सहायक सिद्ध हो सकती है।

धर्म , अर्थ , काम और मोक्ष इन चार पुरुषार्थ से हम सब अवगत है। हम अपना जीवन में इन पुरुषार्थों का अनुसरण कर रहे है। यहां बहुत बड़े प्रश्न चिन्ह है, इसलिए इस पर चिंतन की आवश्यकता है।

आज लगभग पूरे विश्व की मानव जाति, मात्र, अर्थ और काम के पीछे अंधी दौड़ में लगी हुई है। अर्थात सभी निजी स्वार्थ एवं कपट पूर्ण कार्य में लगे हुए हैं। परिणाम स्वरूप, बाजारवाद, उपभोक्तावाद तथा भौतिकवाद के चरम सीमा के दुष्परिणामों को भुगत रहे है। पर्यावरण समस्या, जलवायु परिवर्तन जैसी हमने अनेक समस्याओं को जन्म दिया है। इसलिए आज नितांत आवश्यकता है धर्म की परिभाषा समझने की। आज मूल आवश्यकता है धर्म को जीवन में अपनाने की, आज जरुरत है धर्म को व्यवहार और कार्यशैली में लाने की।

धर्म से तात्पर्य है – कर्तव्य। धारयति इति धर्म, अर्थात धारण करने योग्य व्यवहार। धर्म का अर्थ है वह जीवन जिसमें सभी कर्तव्यों का पूर्ण रूप से निर्वहन किया जाता हो, जिसमें किसी का अहित न हो, प्रकृति के किसी नियम के विरुद्ध कार्य न हो, प्रकृति एवं समाज का संतुलन, सतत् निरंतरता एवं सतत् नियमितता सुचारू रूप से चलती रहे।

यदि इस परिभाषा को सच्चे अर्थों में समझा जाये एवं समाज के व्यावहारिक जीवन में अंगीकृत किया जाये तो अनेक समस्याओं का निवारण आसानी से हो सकता है।

कोरोना के प्रभाव का सामना और निवारण स्वभाव परिवर्तन (धर्म) से करेंगे तो हितकारी, सकारात्मक, सतत् एवं दीर्घकालिक परिणाम मिलने की संभावनाएं अधिक हैं।

अर्थात हम (समस्त मानवजाति) अर्थोपार्जन (अर्थ ) के लिए जो भी क्रिया (काम) करेंगे वो प्रकृति के विरुद्ध न हो, बल्कि प्रकृति में संतुलन आधारित हो। इसे अपनाते है तो सही अर्थों में कोरोना और इसके प्रभाव से स्वतंत्रता मिल सकती है, न सिर्फ इससे बल्कि अनेक समस्याओं से हम पूर्ण रूप से स्वतंत्र हो सकते हैं। तो परिश्रम के साथ-साथ स्वभाव परिवर्तन की आवश्यकता है।

# समिति के माध्यम से बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं व युवाओं ने पहली बार किया झंडावंदन

## स्वतंत्रता दिवस पर 1133 स्थानों पर झंडावंदन




विचार समिति परिसर में झंडावंदन करतीं हुई श्रीमति प्रीति मलैया एवं विचार सदस्य।

15 अगस्त 1947 को हमें विदेशी सत्ता से आजादी मिली थी यह हमारे पूर्वज द्वारा किए गए बलिदानों, रातों की नींद, क्रूर यातनाओं, संघर्ष का उपहार है। हम 15 अगस्त 1947 को अधिकारिक रूप से स्वतंत्र हुए थे। इस ऐतिहासिक घटना को मनाने के लिए हम हर साल 15 अगस्त को अपनी स्वतंत्रता का जश्न मनाते है । इस 15 अगस्त को अपना 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाया है। कोविड-19 महामारी के कारण सामाजिक समारोह से बचने के लिए विचार समिति ने घर-घर झंडा वंदन के माध्यम से राष्ट्रीय भावना को बढ़ावा देने के लिए 1133 तिरंगा झंडावंदन करवाकर उन वीर सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है जिन्होंने आजादी के लिए संघर्ष किया साथ ही सभी नागरिकों को राष्ट्रीय धारा में सम्मिलित किया जो राष्ट्र के प्रति पूरी लगन से अपना कार्य कर रहे हैं।

विचार समिति संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया का कहना है कि तिरंगा

झंडावंदन को लेकर लोगों के मन में सपना होता है। यह सपना समिति ने पूरा किया साथ ही झंडावंदन का उद्देश्य उनके मन में आत्मविश्वास, सम्मान, राष्ट्र के प्रति गौरव एवं जिम्मेदारी की भावनाओं का विकास करना था।

इस अवसर पर समिति कार्यकारिणी अध्यक्ष सुनीता जैन ने कहा है कि आजादी की लड़ाई में महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज के समय में महिलाएं कदम से कदम मिलाकर साथ चल रही है। वह चाहे खेलों के क्षेत्र में हो या अंतरिक्ष के क्षेत्र में या सोशल सर्विस, सामाजिक बदलाव के क्षेत्र में महिलाएं महती भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

विचार समिति मुख्य संगठन नितिन पटैरिया ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। 15 अगस्त हमेशा हमारे लिए खास रहा है। एक दिन निकालकर हम देश की सारी महिमा को याद करते हैं। भारत का स्वतंत्रता दिवस न केवल ब्रिटिश राज्य के शासन से भारत की आजादी को दर्शाता है बल्कि यह इस देश की शक्ति को भी दिखाता है और यह इस देश के सभी लोगों को एकजुट करता है। निश्चित तौर पर यह विचार समिति की उपलब्धि है कि सागर में 1133 जगहों पर झंडावंदन कार्य करवा कर पूरे शहर में राष्ट्रीयता की धूम मचा दी। भारतीय संवैधानिक मूल्यों जिसमें विचार, अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा, समानता को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

विचार समिति का उद्देश्य है कि बुंदेलखंड के लोगों के जीवन में परिवर्तन लाएं। इस आयोजन में सागर के अधिकारियों, कर्मचारियों, वरिष्ठजनों, सामान्य नागरिकों, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों ने बड़े उत्साह पूर्वक इस कार्यक्रम को संपन्न किया। उन सभी के लिए विचार समिति की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद, शुभकामनाएं एवं बधाई।

# झंडावंदन - झलकियां

## प्रभारी - सविनय गुप्ता


प्रिया साहू, कटरा बाजार


राहुल नामदेव, इतवारी टोरी


महेंद्र कुमार आठ्या, वार्ड 9 कैंट


रवि रजक, आनंद नगर मकरोनिया


अनिल कुमार पटेल, ग्राम बड़कुआ


लोकेंद्र विश्वकर्मा, बंडा बेलई


राजा शरद ठाकुर, ग्राम बाछलोन


राजेंद्र सिंह ठाकुर, वार्ड 2 बांदरी


संजय सेन, लिधौरा खुर्द

# प्रभारी - सुनीता जैन अरिहंत


हिमांशी अजय जैन, नमक मंडी कटरा


मनोज प्रीति जैन, एचएस मेडीको सागर


नीता केशरवानी, तिलकगंज


प्रीती केशरवानी, माता मढ़िया विजय टॉकीज


पूजा पड़ेले जैन, कटरा


रजनी जैन, संत रविदास वार्ड


सविता जैन, सागर


सेजल जैन, रामपुरा वार्ड

## प्रभारी - अशोक खरे



गीता पटैरिया, सदर



सीता नरेश सिलावट, तुलसीनगर वार्ड



विनीता केशरवानी, तिलकगंज



सोना देवी, कैंट, वार्ड नं. 6

## प्रभारी - राहुल अहिरवार



श्रद्धा कुशवाहा, सेमराबाग मकरोनिया



अनीता जैन, मकरोनिया



हरिओम यादव, कुश्ती संघ सागर



महेश कुमार जैन, निर्माण जंक्सन, मकरोनिया



ज्योति सराफ, आनंद नगर मकरोनिया

# प्रभारी - पूजा प्रजापति



संजय सवाई, कटरा वार्ड





ऋतु बावरे, रामपुरा वार्ड



नीलू सागर, तिलकगंज वार्ड



भगवती भारती,
मनोरमा कॉलोनी

# प्रभारी - पूजा लोधी



कुंजी लाल पटेल, सीहोरा




सुनील ताम्रकार, चमेली चौक सागर



निकिता रैकवार, रानीपुरा



सुनील साहू, वल्लभ नगर वार्ड

## प्रभारी - विनोद विश्वकर्मा



रघुनंदन आठ्या, मकरोनिया




शकील भाईजान, गोपालगंज वार्ड



विनोद विश्वकर्मा, मकरोनिया



मनीष पटेल तिली वार्ड

## प्रभारी - कविता साहू



शिवांगी विश्वकर्मा, संत रविदास वार्ड



पूनम मेवाती, तिलकगंज वार्ड



सरिता गुरु, भूतेश्वर संत रविदास वार्ड



जुगल किशोर, संत रविदास वार्ड

# प्रभारी - माधव यादव



ममता अहिरवार, तुलसीनगर वार्ड



विक्रम घोषी
ठाकुर बाबा रोड, अमावनी



हरनाम चढ़ार, राकेश जैन
राहतगढ़, बस स्टैंड सीहोरा



मनीषा नामदेव, अमावनी



सम्मित कोष्टी राहतगढ़
बस स्टैंड सीहोरा

# प्रभारी - अखलेश समैया



संजीव दिवाकर, लक्ष्मीपुरा



शफीक खान, सदर



इंजी. महेश जैन, द्वारिका विहार कालोनी



अखिलेश समैया इंद्रप्रस्थ कॉलोनी तिली

# झंडावंदन पर सदस्यों के विचार

स्वतंत्रता को दिलाने के लिए हमारे वीर स्वतंत्रता संग्रामियों का शत्-शत् नमन करते हैं। विचार समिति की पहल से पूरे शहर में राष्ट्रीयता की धूम मची है। मैं इस पुनीत कार्य के लिए संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया जी एवं समस्त पदाधिकारियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं। समिति ने 17.5 किलोमीटर तिरंगा यात्रा निकाल कर इतिहास रचा था। ठीक वैसा ही इतिहास 1100 से अधिक संख्या में झंडावंदन कर रचा है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**दीप्ति चंदेरिया**
**बड़ा बाजार, बरियाघाट, सागर**

---

विचार समिति का बहुत-बहुत धन्यवाद। तिरंगा झंडा वंदन को लेकर काफी उत्साहित हूं। सभी बच्चों एवं परिवार के साथ तिरंगा झंडावंदन किया। समिति के लिए बहुत-बहुत आभार।

**धनवती चढ़ार**
**तिलकगंज, सागर**

---

मैं सम्मानीय विचार समिति संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया एवं समस्त पदाधिकारियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं धन्यवाद करती हूं जो उन्होंने समाज में अलख की चेतना जगाई। लोगों के मन में सपना होता है कि वह भी झंडावंदन करें। वह सपना समिति के माध्यम से पूरा हुआ है। यह हमारे शहर वासियों को गौरव की बात है। बहुत ही अच्छा एवं सरहनीय कार्य समिति द्वारा किया गया।

**प्रीति केशरवानी**
**मातामढ़िया, सागर**

---

हम लोग कॉलेज के समय में झंडावंदन करना चाहते थे। यह पहला अनुभव रहा। सपरिवार अपने हाथों से झंडावंदन करने का मौका मिला। हमारे साथ सहेलियों एवं आस पड़ोस के लोगों ने झंडावंदन किया। विचार समिति का बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं साथ ही आशा करती हूं कि ऐसे कार्यक्रम समिति करवाती रहे जिससे समाज में विश्वास, सम्मान की भावना का विकास होता रहे।

**सुनीता पड़वार**
**कटरा वार्ड, सागर**

---

मैं विचार समिति का बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं, उन्होंने झंडावंदन कार्यक्रम के द्वारा मुझे यह शुभ अवसर

प्रदान किया।

**मीना पटेल**
**दुर्गावती वार्ड, सेमराबाग**

---

विचार समिति द्वारा 1100 से अधिक जगहों पर झंडावंदन कार्यक्रम से सभी रोमांचित महसूस कर रहे हैं साथ ही विचार समिति द्वारा कोरोनावारियार्स का सम्मान दिया गया। सेवासागर ग्रुप के लिए भी यह सम्मान प्राप्त हुआ। सेवासागर ग्रुप समिति का आभारी रहेगा।

**पूजा पड़ेले,**
**कटरा बाजार, सागर**

---

विचार समिति द्वारा आयोजित तिरंगा झंडावंदन कार्यक्रम बहुत अच्छा लगा। ऐसा पहली बार हुआ है कि पूरी सामग्री किसी समिति द्वारा प्रदान की गई। साथ ही झंडावंदन को लेकर सारी जानकारी मुहैया कराई गई। इसके लिए मैं विचार समिति को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं

**प्रियंका गोदरे,**
**कटरा बाजार, सागर**

---

हमने कभी सोचा नहीं था कि राष्ट्रीय ध्वज को घरों में लहरा सकेंगे। राष्ट्रीय ध्वज को लहराना इतना आसान काम नहीं होता। एक डर भी होता है कि ध्वज के सम्मान में कोई कमी न रह जाए। यह सब संभव हुआ विचार समिति के माध्यम से। विचार समिति ने सम्मानपूर्वक ध्वज घरों तक पहुंचाया एवं समस्त जानकारी प्रदान कर झंडावंदन करने में सहायता की। मैं समिति के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों को इस कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

**हिमांशी जैन जी,**
**नमक मंडी, कीर्ति स्तंभ, सागर**

---

मैं विचार समिति को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहूंगी कि देश के प्रति राष्ट्रीय भावना को बढ़ाने के लिए विचार समिति के माध्यम से झंडावंदन करने का हम सभी को मौका मिला। हम सभी विचार समिति के प्रति कृतज्ञ हैं।

**पूनम मेवाती,**
**तिलकगंज, सागर**

---

विचार समिति के द्वारा तिरंगा झंडा वंदन कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए विचार समिति द्वारा झंडावंदन की समस्त सामग्री एवं जानकारी उपलब्ध कराई गई। झंडा वंदन से संबंधित दिशा निर्देशों का सही रूप से नियमित निर्देशन किया गया। उसके लिए विचार समिति के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

**शुभ्रा सिंघई, सागर**




विसर्जन करने पर धरती माता को उपजाऊ बनाने वाली गणेश जी की प्रतिमा




# गोबर के गणेश













- आयोजक -

## विचार समिति

- खरीदने हेतु संपर्क करें -

मलैया बिल्डिंग, होटल मिड सिटी के बाजू में, तीनबत्ती, जवाहरगंज वार्ड, सागर (म.प्र.)

# विचार समिति

॥विचार समिति॥
(स्थापना वर्ष 2003)

विचार समिति मध्यप्रदेश के सागर जिले के समग्र विकास के लिए कार्यरत एक गैर सरकारी संगठन है। हमारा नेटवर्क 5000+ सक्रिय स्वयं सेवकों द्वारा संचालित होता है। हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता में 360-डिग्री विकास के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जीवन को सशक्त बनाना है।

## दान क्यों करें :-

आपकी मदद और सहयोग के बिना हम वह नहीं कर सकते थे, जो कि हमने आज तक कर दिखाया है। हम सबको अविकसित लोगों का बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आने की आवश्यकता है।

| क्रं. | भविष्य के लिए पहल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | छह स्कूलों की सुविधा के लिए। (खेल उपकरण, कंप्यूटर, अध्ययन सामग्री आदि का प्रावधान) | 12 लाख @ 2 लाख प्रति स्कूल |
| 2. | सरकार के आजीविका मिशन के तहत शुरू किए गए 30 गौशालाओं की सुविधा के लिए (एक निरीक्षक नियुक्त किया गया जो महीने में दो बार प्रत्येक गौशाला का दौरा करेगा, कमियों को सूचीबद्ध करेगा और सरकार के साथ-साथ विचार समिति के संपर्क में उन्हें दूर करने में मदद करेगा) | 2.4 लाख @ 20,000 प्रति माह |
| 3. | 18 स्वयं सहायता समूहों को सुविधा प्रदान करना। | 2.1 लाख @ 11,667 |
| 4. | गोबर उत्पादों जैसे दिया, मूर्तियों, दीवार घड़ी आदि में प्रशिक्षण के साथ अनुसंधान और विकास को संसाधित करना। | 5 लाख |
| 5. | 70 एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती के प्रयोग। | 18 लाख @ 1.5 लाख |
| 6. | स्लम क्षेत्रों में 5 मोहल्ला क्लीनिकों की संरचना और निर्माण (सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करना) | 1.5 लाख @ 30 हजार प्रति क्लीनिक |
| 7. | वृक्षारोपण तकनीकों मियावाकी, सीडबॉल प्लांटेशन आदि को बढ़ाने और वृक्षारोपण करने के लिए | 10 लाख |
| 8. | राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की सहभागिता की गतिविधियां | 2 लाख |
| | कुल | 53 लाख |

## प्रभाव (2019-2020)

■ 1048 कोविड रोगियों की सहायता की ■ 8,000 किलो सब्जियां 5000 किचन गार्डन में उगाई गईं ■ 11000 लीटर सेनिटाइजर जल बांटा गया ■ सांस्कृतिक एकीकरण में 31,000 नागरिक शामिल हुए ■ 22,000+ पौधों का वृक्षारोपण ■ रोजगार : 50,000 गोबर के दिये बेंचे। ■ जीवन कौशल प्रशिक्षण : 710 बच्चों को जीवनोपयोगी शिक्षा।

## वार्षिक दान करने के विकल्प :

Rs. 5100/- Bronze Donor

Rs. 11,000/- Silver Donor

Rs. 22,000/- Ruby Donor

Rs. 33,000/- Gold Donor

Rs. 44,000/- Diamond Donor

Rs. 55,000/- Platinum Donor




## विवरण :

बैंक का नाम - भारतीय स्टेट बैंक

खाता संख्या - 37941791894

आईएफएससी कोड - SBIN0000475


विचार समिति को दिए गए दान में इनकम टैक्स की धारा 80जी के तहत 50 प्रतिशत इनकम टैक्स में छूट का प्रावधान है।
**By Order : ITBA/EXM/S/80G/2020-21/1030477687(1), Valid from : 09/02/2021**


वेबसाइट : - https://vicharsanstha.com फेसबुक : - https://www.facebook.com/Vicharsanstha

पता - 258/1, मालगोदाम रोड, तिलकगंज, आदिनाथ कार्स प्रा.लि. के पीछे, सागर (म.प्र.) 470002

आपका सहयोग लोगों के जीवन में एक बड़ा बदलाव ला सकता है।

# यूपीईएस के छात्रों के फीडबैक





**यूपीईएस की पहल के अंतर्गत विचार समिति ने 22 छात्रों को इंटर्नशिप करवाई। इसका शुभारंभ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत जी द्वारा किया गया था। इस इंटर्नशिप का नाम 'सृजन' है जो कि यूपीईएस यूनिवर्सिटी के स्कूल फॉर लाइफ के अंतर्गत आती है। इसमें कुशल मार्गदर्शकों के अधीन 22 छात्र द्वारा शिक्षा, पर्यावरण, रोजगार एवं स्वास्थ्य संबंधी क्षेत्रों पर कार्य किए गए। इन छात्रों द्वारा दिए गए फीडबैक इस प्रकार हैं।**

बहुत ही कुशल मार्गदर्शकों के साथ काम करने का यह शानदार अनुभव रहा। 6 हफ्ते की इंटर्नशिप मैं मुझे समाज के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसी दौरान मैंने काकागंज और भगवानगंज के लोगों से स्वास्थ्य संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की। विचार समिति का बहुत-बहुत धन्यवाद।

**आयुष पाटीदार**

मैं यूपीईएस से बीटेक कम्प्यूटर साइंस की छात्रा हूं। आज के समय में बेरोजगारी की गंभीर समस्या है। रोजगार प्रत्येक मनुष्य की आवश्यकता है। विचार समिति के सहयोग से मुझे इंटर्नशिप में शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में कार्य करने का मौका मिला। मैंने रोजगार के क्षेत्र में कार्य किया। इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए इस पर भी कार्य किया।

**यशस्वी तिवारी**

विचार समिति के साथ कार्य करने का बहुत ही मजेदार अनुभव रहा। इससे जीवन में ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि हुई। हमारा मार्गदर्शन करने के लिए मार्गदर्शकों एवं विचार समिति संस्थापक अध्यक्ष श्री कपिल मलैया जी को धन्यवाद।

**अंशिका जैन**

इस इंटरशिप में 6 सप्ताह तक कार्य किया मैंने शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुई विशेष अनुभव को जीवन में आत्मसात किया बदलाव लाने के लिए मैं जरूर प्रयासरत रहूंगी, धन्यवाद।

**अनुष्का शर्मा**

विचार समिति के लिए धन्यवाद कहना चाहूंगा। समिति से जुड़कर मेरे मन में समाज सेवा करने की प्रेरणा जागी है। इसी तरह मुझे बहुत ही अच्छा लगा है। जीवन में बहुत कुछ सीखने को मिला है।

**दिव्यांश जैन**

विचार समिति सचिव आकांक्षा मलैया और मार्गदर्शकों की आभारी हूं। इस तरह की इंटर्नशिप मेरे लिए एक अनूठा अनुभव रहा है इंटर्नशिप माध्यम से वास्तविक दुनिया में कार्य करने की भावना, मेरी ज्ञान में नए अनुभव के साथ नए दृष्टिकोण का सृजन हुआ।

**इंटर्न, यूपीईएस**

सभी कुशल मार्गदर्शकों का बहुत-बहुत धन्यवाद। उनकी दूरगामी दृष्टि से बहुत कुछ सीखने को मिला। संचार कौशल प्रत्येक रूप से बैठक में देखने को मिला। इंटर्नशिप से बहुत कुछ सीखने को मिला। इस इंटर्नशिप के दौरान व्यवहार में मूलभूत परिवर्तन को महसूस किया। सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद।

**इंटर्न, यूपीईएस**

इंटरशिप की शुरुआत में हमें उस क्षेत्र को चुनने को कहा गया जिसमें हम कार्य करना चाहते हैं। मैंने शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया। यह अनुभव अद्भुत रहा। मैंने कई लोगों से बातचीत करने और विचारों का आदान-प्रदान काफी प्रेरणादायक रहा।

**इंटर्न, यूपीईएस**

यह हम सभी के लिए अच्छा अनुभव रहा सामाजिक जीवन की दिशा में शानदार पहल रही। इस इंटर्नशिप के दौरान मैंने सामाजिक जीवन के पहलुओं को सीखा।

**इंटर्न, यूपीईएस**

मैं विचार समिति को धन्यवाद देना चाहता हूं कि मुझे यह अवसर मिला। इससे इंटर्नशिप में टीम के साथ कार्य करना एवं सामाजिक दिशा में बदलाव में महत्वपूर्ण परिवेश में क्या क्या बदलाव किया जा सकता है, समझ आया। **इंटर्न, यूपीईएस**

मुझे अपने परिवेश के बारे में अधिक जागरूक किया जिससे अच्छा व्यक्ति एवं अच्छे समाज की संरचना को बेहतर किया जा सकता है। विचार समिति का बहुत-बहुत धन्यवाद। **वंशिका बैरागी**

इंटर्नशिप से अनुभव में काफी वृद्धि हुई है हम सभी में कुछ अच्छा करने की क्षमता है। स्मार्ट वर्क एवं कौशल को पहचान कर बहुत कुछ किया जा सकता है।

**इंटर्न, यूपीईएस**

मुझे इंटर्नशिप के दौरान बहुत कुछ सीखने को मिला। हम लोगों के बीच अपने विचार कैसे रखें। एक छोटे से सहयोग से बड़ा बदलाव कैसे लाया जा सकता है। विचार समिति का बहुत-बहुत धन्यवाद। समिति के सहयोग से इस इंटरशिप को करने का मौका मिला।

**इंटर्न, यूपीईएस**

इंटर्नशिप के माध्यम से मेरे संचार कौशल में काफी परिवर्तन आया है किसी कार्य को पूर्ण ईमानदारी के साथ करना चाहिए एवं समय प्रबंधन से समस्याओं से निजात पाया जा सकता है सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

**इंटर्न, यूपीईएस**

विचार समिति आज के समय में बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता या महिलाओं के प्रति जागरूकता हो। समिति को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

**इंटर्न, यूपीईएस**

विचार समिति के सहयोग से चलाई जा रही है इस इंटर्नशिप के माध्यम मुझे बहुत अच्छा लगा। इसके लिए मेरे आत्मविश्वास एवं समाज में कुछ अच्छा करने की इच्छा जागृत हुई।

**इंटर्न, यूपीईएस**

विचार समिति के साथ कार्य करना बहुत अच्छा अनुभव रहा। वैचारिक दृष्टिकोण के मार्गदर्शकों के साथ काम करके आत्मविश्वास में वृद्धि आई। समिति एवं मार्गदर्शकों को धन्यवाद देना चाहूंगा।

**इंटर्न, यूपीईएस**

विचार समिति बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। सामाजिक बदलाव लाने में मुझे इस इंटर्नशिप के माध्यम से बहुत अच्छा अनुभव मिला। नैतिक जिम्मेदारी के साथ हमें अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहना चाहिए। भविष्य में समिति के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के लिए सदैव तैयार हूं।

**इंटर्न, यूपीईएस**

मेरे विचारों को व्यापक बनाने और अलग-अलग परिस्थितियों में लोगों के विभिन्न दृष्टिकोण के माध्यम के साथ व्यवहारिक दुनिया में कार्य करने का मौका मिला। सामाजिक उद्देश्यों के लिए गैर सरकारी संगठन के साथ स्वयं सेवा का यह मेरा पहला अनुभव रहा। विचार समिति के लिए धन्यवाद।

**इंटर्न, यूपीईएस**

# मीडिया कवरेज

दैनिक भास्कर सागर 15-08-2021

## विचार समिति आज सागर में 1100 जगह झंडावंदन करेगी, 1 दिन पहले रिहर्सल की



भास्कर संवाददाता | सागर

विचार समिति स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सागर में 1100 जगह झंडावंदन करेगी। विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि झंडावंदन 15 अगस्त को सुबह 8 से 10 बजे के बीच होगा। मलैया ने शहरवासियों से अपील की है कि 17 किलोमीटर विश्व की सबसे लंबी तिरंगा मानव श्रृंखला बनाकर आप सब 35000 लोगों ने मिलकर इतिहास रचा था। अब पुनः हम सब के पास मौका है 1100 जगह एक साथ झंडा वंदन कर फिर से इतिहास बनाएं। समिति की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने बताया कि समिति राष्ट्रीय ध्वज आपको प्रदान करेगी।

समिति के मुख्य संगठक नितिन पटैरिया ने सभी से अपील की है कि कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए कार्यक्रम संपन्न करना है। झंडावंदन के तुरंद बाद राष्ट्रगान गाया जाएगा। झंडे को अच्छे से बांधा जाना चाहिए जिससे वह नीचे नहीं झुके। झंडावंदन कार्यक्रम का एक मिनट का वीडिओ एवं दो अच्छे फोटो आप को अपने संचालक को भेजना है। झंडावंदन कार्यक्रम को सुसज्जित सुव्यवस्थित एवं रचनात्मक तरीके से सम्पन्न करना है। कार्यक्रम की उत्कृष्टता के आधार पर विचार समिति के निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## विचार समिति स्वतंत्रता दिवस पर 1100 जगह झंडावंदन करेगी

सागर, आचरण संवाददाता।

विचार समिति स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सागर में 1100 जगह झंडावंदन का आयोजन कर रही है। विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि बहुत सारे लोगों के मन में दबी इच्छा रहती है कभी हमको भी झंडावंदन करने का मौका मिले। यही मौका आपको मिले, इस सोच के साथ विचार समिति ने झंडावंदन करने का निर्णय किया है। यह झंडावंदन 15 अगस्त को सुबह 8 से 10 बजे के बीच में होना है। श्री मलैया ने शहरवासियों से अपील की है कि 17 किलोमीटर विश्व की सबसे लंबी तिरंगा मानव श्रृंखला बनाकर आप सब पैंतीस हज़ार लोगों ने मिलकर इतिहास रचा था। अब पुनः हम सब के पास मौका है ग्यारह सौ जगह एक साथ झंडावंदन कर फिर से इतिहास रचने का । समिति की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने बताया कि समिति राष्ट्रीय ध्वज आपको प्रदान करेगी।

दैनिक भास्कर सागर 17-08-2021

## विचार समिति ने स्वतंत्रता दिवस पर 1133 जगह झंडावंदन कराया



सागर | विचार समिति ने स्वतंत्रता दिवस पर सागर में 1133 जगह झंडावंदन का आयोजन किया। झंडा वंदन कार्यक्रम कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए किया गया। कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं रचनात्मक तरीके से सम्पन्न हुआ। बच्चे, बुजुर्गों, महिलाओं व युवाओं ने बताया कि उन्हें झंडावंदन करने का मौका पहली बार मिला, जिससे वे बहुत उत्साहित हैं। विचार समिति के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने सभी झंडावंदन करने वालों का आभार व्यक्त किया।

पत्रिका समाज-सरोकार 04 पत्रिका patrika.com सागर, मंगलवार, 17 अगस्त, 2021 पत्रिका सरोकार

शासकीय कार्यलय, स्कूल सहित घरों में फहराया गया तिरंगा, ऑनलाइन कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## देशभक्ति के रंग में रंगा शहर, घर-घर मना आजादी का जश्न



नवदुनिया 03

## जिले में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा, झूमते-नाचते मनाई खुशियां

स्वतंत्रता दिवस ● हर्षोल्लास से मनाया पर्व, नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने किया ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी, मार्चपास्ट रहा आकर्षण का केंद्र



# ॥विचार समिति॥

(स्थापना वर्ष 2003)

# निवेदन

आपसे निवेदन है कि अधिक से अधिक मात्रा में दान देकर इस मुहिम को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

दान राशि बैंक खाते में डालने हेतु जानकारी इस प्रकार है।

Bank a/c name- VicharSamiti

Bank- State Bank of India

Account No.- 37941791894

IFSC code- SBIN0000475

Paytm/ Phonepe/ Googlepay/ upi

आदि दान करने के लिए नीचे दिए गए

QR कोड को स्कैन करें.

BHIM UPI

VICHAR SAMITI

Pay With Any App

G Pay Paytm PhonePe WhatsApp amazon

150+ Apps

Powered By: BharatPe

## - संपर्क -

Website : vicharsanstha.com

Facebook : Vichar Sanstha

Youtube : Vichar Samachar

Ph. No. : 9575737475, 9009780042, 07582-224488

Address : 258/1, Malgodam Road, Tilakganj Ward, Behind Adinath Cars Pvt. Ltd, Sagar (M.P.) 470002